Regarding Passenger Train service on Budapank-Parjang Kamakshyanagar rail route

श्री रुद्र नारायण पाणी (धेन्कानल) **:** सभापति महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, ओडिशा में नव-निर्मित ?बुढ़ापंक-परजंग-कामाख्यानगर-सुकिंदा रोड? रेल लाइन पर सवारी गाड़ी चलाए जाने हेतु मांग करते हुए मैं यह मामला उठा रहा हूं । लगभग दो साल हो गए हैं, जब से इस लाइन पर मालगाड़ी चल रही है ।

महोदय, वर्ष 1997 में जब श्री राम विलास पासवान जी रेल मंत्री थे, तब इस लाइन का शुभ शिलान्यास किया गया था । लोगों ने लगभग 25 साल पहले बहुत ही कम मूल्य में अपनी जमीन दे दी थी । स्वाभाविक रूप से उस समय उनके मन में यह सपना था कि कभी उनके गाँव के रास्ते सवारी गाड़ी चलेगी, लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन्स भी चलेंगी । दो साल हो गए हैं, लेकिन यह सपना पूरा नहीं हो पाया है । यद्यपि माल गाड़ी चल रही है, लेकिन अब तक कोई भी सवारी गाड़ी नहीं चलायी जा रही है । मैंने इस आशय में संसद में माँग की थी, तब बताया गया था कि यह लाइन फ्रेट कॉरिडोर नॉर्म में बनायी गई है । मगर लोक कल्याणकारी राष्ट्र में किसी भी नॉर्म में पटरी क्यों न बनायी जाए, उस पर सवारी गाड़ी चलाये जाने में कोई सुविधा नहीं होनी चाहिए । मेरी सरकार से, माननीय रेल मंत्री जी से, जो हमारे ओडिशा से आते हैं, उनसे करबद्ध प्रार्थना है कि अविलंब अंगुल से बुढ़ापंक, पर्जंक, कामाख्यानगर, भुबन, सुकिंदा रोड़ होकर जाजपुर रोड़ तक सवारी गाड़ी चलायी जाए । आगे हावड़ा तक भी एक्सप्रेस ट्रेन एवं सुकिंदा से साउथ में जाकर पुरी तक की भी सवारी गाड़ी चलायी जाए । ऐसी मेरी प्रार्थना है । धन्यवाद ।